भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †288
सोमवार, 5 फरवरी, 2024/16 माघ, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन परिपथों के विकास के लिए वित्तीय सहायता

†288. श्री वाई.एस. अविनाश रेड्डी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आन्ध्र प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत एकीकृत विकास हेतु चयनित विषय-वस्तु आधारित पर्यटन परिपथों की संख्या और ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि उक्त योजना के अंतर्गत राज्यों को केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है; और

(ग) यदि हां, तो आन्ध्र प्रदेश राज्य में पर्यटन परिपथों के समेकित विकास के लिए कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है और ऐसे परिपथों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय देश में पर्यटन सुविधाओं/अवसंरचना के संवर्धन हेतु अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है । मंत्रालय ने इस योजना के तहत आन्ध्र प्रदेश राज्य में तटीय और बौद्ध परिपथ थीमों के अंतर्गत 3 परियोजनाओं को स्वीकृत किया हैं जिनका ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है । इन परियोजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यों में पर्यटन अवसंरचना के विकास से संबंधित घटक जैसे पर्यटन सुविधा केन्द्र, पार्किंग सुविधाएं, सीसीटीवी का प्रावधान, मार्ग, संकेतक, कॉटेज, सोलर लाइटिंग, भू-दृश्य कार्य, जनसुविधाएं, बीच के अग्रभाग का विकास, फूड कोर्ट, एम्फीथिएटर आदि शामिल हैं ।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटन-केंद्रित दृष्टिकोण का अनुपालन करते हुए सतत और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0) के रूप में परिवर्तित किया है एवं आंध्र प्रदेश में एसडी2.0 के तहत विकास के लिए 'गंडिकोटा' और 'अरक्कू-लाम्बासिंगी' को चिह्नित किया है ।

*****

अनुबंध

श्री वाई.एस. अविनाश रेड्डी द्वारा पर्यटन परिपथों के विकास के लिए वित्तीय सहायता के संबंध में दिनांक 05.02.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †288 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना के तहत आंध्र प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण।

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि/ उपयोग के लिए अधिकृत**
1.	तटीय परिपथ/ 2014-15	काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अडुरु - एस यनम - कोटिपल्ली का विकास	67.83	67.83
2.	तटीय परिपथ/ 2015-16	नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलमाडुगु जल प्रपात - नेलापट्टू - कोठाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास	49.55	49.55
3.	बौद्ध परिपथ/ 2017-18	बौद्ध परिपथ: शालीहुंडम- बाविकोंडा- बोज्जनकोंडा- अमरावती- अनूपु का विकास	35.24	28.19

*****